भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

सूचना

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि के पुस्तकालयों के लिए 01.01.2023 से 31.12.2023 तक की अवधि में प्रकाशित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची तैयार करना।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि को उनके पुस्तकालयों में क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है। उपर्युक्त रीति के अनुसार दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 की अवधि के बीच विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित स्तरीय पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा संबंधित संगठनों को परिचालित की जानी है।

2 समस्त लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों तथा वितरकों से उत्कृष्ट पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं।

3 इच्छुक प्रार्थियों से संलग्नक -1 के प्रपत्र और घोषणा पत्र में मांगी गई जानकारी प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति के साथ निम्न पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। केवल ऐसी पुस्तकें जिन्हे दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 की अवधि के दौरान पहली बार प्रकाशित किया गया है, विचारार्थ पात्र हैं। प्रपत्र के साथ पुस्तक प्राप्त न होने पर पात्रता पर विचार नहीं किया जायेगा।

4 प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रेषित पुस्तकें संबंधित भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से भेजी जाएंगी। अग्रिम प्रति सीधे राजभाषा विभाग को भेजी जा सकती है। तथापि, उन पर भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से राजभाषा विभाग को प्राप्त होने के बाद ही विचार किया जाएगा।

5 सभी प्रविष्टियाँ निर्धारित प्रपत्र और घोषणा पत्र में वांछित सूचना पूर्ण और स्पष्ट रूप से भरकर **दिनांक 30.04.2024** तक यूनिकोड मंगल आधारित फॉन्ट (उपयुक्त फॉन्ट से इतर किसी अन्य फॉन्ट में भेजी गई प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा) में patrika-ol@nic.in और निम्नलिखित पते पर भेजें:-

डॉ. धनेश द्विवेदी,
उप संपादक
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,
चौथा तल, बी विंग, एनडीसीसी–II भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001
दूरभाष सं. : 011-23438159
ई-मेल आई डी : patrika-ol@nic.in
वेबसाइट : www.rajbhasha.gov.in

प्रेम नारायण

((प्रेम नारायण)
उप सचिव (पत्रिका)
दूरभाष: 011-23438250

संलग्नक -1

प्रपत्र

(i) विधा/विषय का नाम :

(ii) पुस्तक का नाम :

(iii) लेखक का नाम :

(iv) क्या पुस्तक का पहला संस्करण 1.1.2023 से 31.12.2023 की अवधि में प्रकाशित किया गया ?_____

(v) पुस्तक मूल रूप में हिंदी में लिखी गई है या हिंदी में अनूदित की गई है: _______
यदि अनूदित है तो :
(क) किस भाषा से अनूदित है :
(ख) अनुवादक(अनुवादकों) का नाम :
(ग) मूल लेखक(लेखकों) का नाम :

(vi) पुस्तक का मूल्य :

(vii) प्रकाशक का संपर्क विवरण :
(क) नाम :
(ख) कार्यालय का पता :
(ग) फैक्स नंबर :
(घ) फोन/मोबाइल नंबर :
(ड) ई-मेल आई डी :

घोषणा पत्र

(क)मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी मौलिक रचना है अथवा मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी अनूदित रचना है|

(ख) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक _____________ (पुस्तक का नाम तथा लेखक के नाम का भी उल्लेख करें) में कोई भी राष्ट्र-विघटनकारी एवं देश-द्रोह-उन्मुखी तथा आतंकवाद व सांप्रदायिकता-उत्तेजक सामग्री नहीं है | मैं/हम यह भी प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में कोई राजनैतिक, भौगोलिक अथवा राजनयिक विवादास्पद तथ्य नहीं है|

(ग) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और शालीन है |

(घ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि सूची में शामिल करने के विचारार्थ भेजी जाने वाली पुस्तक/पुस्तकें दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 के बीच प्रकाशित की गई है/हैं और यह पुस्तक/ये पुस्तकें किसी दूसरे नाम से अथवा किसी दूसरी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित/मुद्रित नहीं की गई है/हैं |

(ङ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि मैं /हम _____________ (यहाँ देश का नाम दें) का प्रवासी भारतीय/भारतीय मूल का व्यक्ति हूँ/हैं और मैं/हम संबंधित भारतीय दूतावास/उच्चायोग द्वारा इस आशय के लिए जारी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करता

हूँ/करती हूँ/करते हैं (यह प्रमाणीकरण प्रवासी भारतीय/भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है)|

हस्ताक्षर..

नाम..

पता..

....

....

....

मोबाइल न. ....